ग्रेटर नोएडा के हल्दौनी गांव की झुग्गियों में रहने वाले गरीब बच्चों को पढ़ाती एक गैर सरकारी संगठन की शिक्षिका। • हिन्दुस्तान

गरीब बच्चों को मुफ्त दे रहे शिक्षा

ग्रेटर नोएडा | हमारे संवाददाता

ग्रेटर नोएडा के हल्दौनी गांव में झुग्गियों में रहने वाले गरीब बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है। एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के सदस्य कंपनी के सहयोग से बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। हल्दौनी गांव में झुग्गियों में रहने वाले इन बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को पढ़ने-लिखने योग्य बनाया जा रहा है।

शहर के हल्दौनी गांव में करीब 2,500 बच्चे झुग्गियों में रह रहे हैं।

पहल

- बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी दी जा रही है शिक्षा
- एमबीटी एनजीओ ने इन बच्चों को शिक्षित करने का उठाया बीड़ा

गरीब परिवार होने की वजह से इन बच्चों को स्कूल नहीं भेजा जाता। एक एनजीओ ने सर्वे करके इन बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। एनजीओ (एमबीटी) के सदस्य एसएलसीएम ग्रुप के साथ मिलकर एक साल में करीब 50 से अधिक बच्चों को इस तरह शिक्षित कर चुके हैं कि वह आज गांव के प्राइमरी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं।

एनजीओ की एक सदस्य प्रांतिका सिंह ने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को दो घंटे की अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर शिक्षित किया जा रहा है। इनके साथ-साथ बच्चों के अभिभावकों को भी बेसिक शिक्षा का ज्ञान दिया जाता है ताकि अभिभावक बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित कर सकें।